# नामांकन हेतु दिशा–निर्देश

## रूम टू रीड टीचर-लाइब्रेरियनस च्वाइस अवार्डस – हिंदी

**रूम टू रीड 2026 में बाल साहित्य पुरस्कार वापस लाया है!**

अपने चौथे वर्ष में, ये पुरस्कार बच्चों के साहित्य के क्षेत्र में रचनाकारों और प्रकाशकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण साहित्यिक प्रयासों का जश्न मनाना जारी रखेगा, खासकर भारतीय भाषाओं में। हमें उम्मीद है कि यह भारत में इस शैली के बारे में चर्चा को और अधिक विश्वसनीयता और महत्व देने की दिशा में एक छोटा कदम साबित होगा।

टीचर-लाइब्रेरियन च्वाइस अवार्ड का उद्देश्य बच्चों की उन पुस्तकों को मान्यता देना है जिन्हें शिक्षकों और पुस्तकालयाध्यक्षों ने बच्चों की पढ़ने की रुचियों को पूरा करने के लिए सबसे उपयुक्त पाया है! ये पुरस्कार पुस्तकालय/कक्षा सेटिंग में सबसे लोकप्रिय बाल साहित्य को प्रतिवर्ष प्रदान किए जाते हैं, ताकि बच्चों के साहित्य की भूमिका को बढ़ावा दिया जा सके और शिक्षक और पुस्तकालयाध्यक्ष, जो पुस्तकों के उपयोग में प्राथमिक एजेंट हैं, को सशक्त बनाया जा सके।

हमें खुशी है ये बताते हुए कि 2026 में हम हिंदी में टीचर लाइब्रेरियन चॉइस अवार्ड्स के साथ वापस आए हैं!

रूम टू रीड प्रकाशकों से दो आयु वर्गों (3-8 वर्ष और 8-12 वर्ष) में उनकी सबसे ज़्यादा बिकने वाली हिंदी भाषा की बच्चों की किताबों के लिए नामांकन आमंत्रित करता है। दिशा-निर्देश और मानदंड नीचे दिए गए हैं!

- नामांकित पुस्तकें इन दो आयु वर्ग श्रेणियों में से किसी एक के लिए होनी चाहिए: **3-8 वर्ष और 8-12 वर्ष**।
- नामांकित पुस्तकें या तो मूल रूप से **हिंदी** में होनी चाहिए, **या किसी भारतीय भाषा/अंग्रेजी से रूपांतरित/अनुवादित** होनी चाहिए।
- नामांकन कहानियाँ चित्र पुस्तकें **(60% से ज़्यादा सचित्र पृष्ठ)** होनी चाहिए।
- यह पुस्तकें **2017-2022 के बीच प्रकाशित** या पुनर्मुद्रित होनी चाहिए।
- प्रकाशक फॉर्म में नामांकित पुस्तक की लो-रेज़ॉल्यूशन पीडीएफ अपलोड करें जिसे वोटिंग की सुविधा के लिए रूम टू रीड की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जायेगा।
- पुस्तक की लोकप्रियता का अंदाज़ा लगाने के लिए, हम प्रकाशकों से इस अवधि, यानी 31 दिसंबर, 2025 तक की पुस्तक की 'सेल्स' नंबर्स दर्ज करने के लिए कह रहे हैं।

* 12 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों या वयस्कों के लिए किताबें जमा न करें।
* 2017 के बाद से जिन पुस्तकों का पुनर्मुद्रण नहीं हुआ है, वे जमा न करें।
* किसी विदेशी भाषा से हिंदी में अनुवादित पुस्तकें जमा न करें।

**पुस्तकों को नामांकित करने के लिए, यहाँ क्लिक करें: https://forms.gle/dHvba6DtRH3eHvB36**

नामांकनों की एक छोटी सूची तैयार की जाएगी, और हिंदी-मीडियम सरकारी स्कूलों के शिक्षक और पुस्तकालयाध्यक्ष हमारी वेबसाइट पर अपनी पसंदीदा पुस्तकों के लिए वोट कर सकेंगे।

प्रकाशक प्रत्येक आयु वर्ग के लिए **अधिकतम 5 नामांकन** प्रस्तुत कर सकते हैं।

**नामांकन की अंतिम तिथि: अप्रैल 30, 2026!**

अधिक जानकारी के लिए, हमें RtR.IndiaAwards@roomtoread.org पर लिखें।